'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

o"k 1] v.d 61] i`t 8] गुरूवार, 16 मई, 2024 samachargate@gmail.com TITLE CODE: HARHIN11569

# भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में लामबंद हुई भड़ानपुरी (पाली) की सरदारी

## गांव फतेहपुर तगां में मुस्लिम समाज भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में हुआ एकजुट

**कृष्णपाल को जिता दो, नहीं रहेगी पाली में जलनिकासी की समस्याः करतार भड़ाना**



समाचार गेट/नरवीर यादव

फरीदाबाद। भाजपा के लो. कसभा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने कांग्रेस के स्लोगन 'हाथ बदलेगा हालात' पर बड़ा कटाक्ष करते हुए कहा कि जब 50 सालों तक देश में कांग्रेस का राज था, तब हालात नहीं बदले, अब ये लोग क्या हालात बदलेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी जो हरियाणा सरकार में कई बार कैबिनेट मंत्री रहे, जिनके पास नगर निगम व बिजली विभाग था, वह अपने गांव (नवादा) और सैनिक कालोनी की सडक् तक नहीं बनवा पाए, उस सडक को भी 15 करोड़ से भाजपा सरकार ने बनवाया है। बिजली मंत्री थे, तो बिजली आती कम थी, जाती ज्यादा थी। भला ऐसे लोग फरीदाबाद का क्या विकास करेंगे? यह लोग केवल स्लोगन बोल सकते है, जमीनी स्तर पर काम करना इनके बस की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो जमीनी स्तर पर काम करके लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवा सकती है, इसलिए इन स्लोगन बाजों को दरकिनार करके भाजपा के पक्ष में मतदान कर नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का काम करें। श्री गुर्जर आज एनआईटी क्षेत्र के रामतेल्या गांव पाली की भड़ानपुरी में ग्रामीणों द्वारा आयोजित विशाल जनसभा में उमड़े जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। पाली के बस अड्डे से श्री गुर्जर को 51 घोड़ों के साथ जुलूस के रुप में जनस. भा स्थल तक खुली जीप में लाया गया, जहां जेसीबी से पुष्प वर्षा की गई और ' नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भाजपा पार्टी जिंदाबाद, कृष्णपाल गुर्जर जिंदाबाद' के गगनचुंबी नारे लगाकर लोगों ने पूरे माहौल को भाजपामय कर दिया। इस दौरान पाली गांव की मौ. जिज सरदारी ने श्री गुर्जर को सम्मान रुपी पगड़ी बांधी और ढोल नगाड़ों की थाप पर उन्हें खुला समर्थन देने का ऐलान किया। इस मौके पर जनसभा में पहुंचे पूर्व सहक. ारिता मंत्री एवं कद्दावर गुर्जर नेता करतार सिंह भड़ाना ने मंच से अपने भतीजे भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल के लिए झोली फैलाकर वोट मांगे और भड़ानपुरी के लोगों से अपील की कि यह चुनाव देश की एकता और फरीदाबाद के विकास का चुनाव है इसलिए जब चार जून को भड़ानपुरी की ईवीएम मशीनें खुले तो यहां से कृष्णपाल गुर्जर भारी मतों से जीतने चाहिए और जहां तक उनके गांव की जलनिकासी की समस्या है तो वह कृष्णपाल से अपील करते है कि चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले वह इस समस्या का समाधान करवा दें, जिस पर कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि वह दुनिया की कोई भी बात टाल सकते है, लेकिन चाचा करतार की नहीं, वह विश्वास दिलाते है कि वह गांव की जलनिक. ासी की समस्या का जड़मूल से समाधान करवाएंगे। इस अवसर पर जनसभा में मौजूद विधायक राजेश नागर, भाजपा नेता चौ. धर्मबीर भड़ाना, नगेंद्र भड़ाना, पूर्व विधायक अतर सिंह ने अपने-अपने संबा. `धनों में कृष्णपाल गुर्जर को विकास पुरुष की संज्ञा लेते हुए कहा कि उन्होने अपने सांसद कार्यकाल में जिले की सभी नौ विधानसभाओं में समान विकास करवाया है और इसी विकास की बदौलत वह तीसरी बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचने का गौरव हासिल करेंगे। उन्होंने श्री गुर्जर को विश्वास दिलाया कि गांव पाली के साथ-साथ समूचे एनआईटी क्षेत्र से वह पिछली बार से भी ज्यादा मतों से विजयी होकर नया कीर्तिमान रचेंगे। इससे पूर्व भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर ने आज अपने चुनावी अभियान की शुरुआत गांव पाखल से की। इसके बाद गांव फतेहपुर तगां में मुस्लिम समाज के लोगों ने एकजुट होकर श्री गुर्जर को अपना पूर्ण समर्थन देते हुए उन्हें विजयी बनाने का ऐलान किया। इसी प्रकार नेकपुर चौपाल, भाजपा नेता यशवीर डागर द्वारा संजय कालोनी कम्युनिटी सेंटर में, ठाकुर वेदन सिंह द्वारा सो. हना रोड स्थित सरोज वाटिका में आयोजित चुनावी सभाओं को संबोधित किया और लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस मौके पर भाजपा नेता टिपरचंद शर्मा, आजाद भड़ाना, मनोज भड़ाना, बैजू ठाकुर, सतीश फागना, संदीप चपराना, राकेश

# भाजपा को वोट की चोट से सता से बहार करने का काम करेंः विजय प्रताप



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। होडल आसपास के कई गांवों का फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी महेंद्र प्रताप के पुत्र व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ट नेता विजय प्रताप ने चुनावी अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी कृष्ण पाल गुर्जर पर जमकर हमला बोला। गांव पिंगोड़ में चुनावी जनसंपर्क किया और कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। गांव पिंगोड़ में लोगों ने विजय प्रताप का पगडी और फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा की भाजपा की देश और प्रदेश की सरकार ने जनहित में कोई काम नही किया इसलिए अब प्रत्येक नागरिक बदलाव की सोच लिए बैठा है और आने वाली 25 मई को वोट की चोट मारकर इस भाजपा की जनवि. रोधी सरकार को चलता करने का मन बनाए बैठा है। इस कार्यक्रम का आयोजन पिंगोड की सरपंच के प्रतिनिधि सुन्दर ने किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय प्रताप ने कहा की फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को लगातार दो बार देश की सबसे बड़ी पंचायत में सांसद बनाकर भेजा लेकिन उन्होंने फरीदाबाद क्षेत्र की जनता के लिए कोई काम नही किया केवल अपनी और अपने चहेतों की जेब भरने में लगे रहे। पिछले दस साल में उन्होंने फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र को विकास की दृष्टि से पीछे धकेलने का काम किया है। उनके पास दस साल में उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के नाम पर वोट मांगने के लिए एक कोई ऐसा कार्य नही है जिससे कह सके की मुझे विकास के नाम पर वोट दे दो केवल हिंदू मुसलमान, जाति धर्म, राम मंदिर और मोदी के नाम पर वोट मांग रहे है लेकिन अबकी बार जनता उनके इन जुल्मों को सिरे से नकार रही है इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी महेंद्र प्रताप को अपना नुमाइंदा बनाने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा की मौजूदा सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने दस साल में केवल इलाके की जनता की तौहीन की है लोगों का अपमान किया है और यही वजह है आज बदलाव की बयार बह रही है। उन्होंने कहा की फरीदाबाद की नगर निगम में इतने बड़े घो. टाले हुए अगर पूरे बजट का आधा भी लगता तो फरीदाबाद का नाम देश के मानचित्र पर अलग होता। पूरे लोकस. भा क्षेत्र में कोई यूनिवर्सिटी कॉलेज नही बना सके कोई खेल स्टेडियम नही बना अगर चौधरी महेंद्र प्रताप को आपने मौका दिया तो हमारी प्रार्थमिकता रहेगी इस क्षेत्र को एजुकेशन और स्पोर्ट्स हब बनाना। वही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के पुत्र देवेश कुमार ने भी इस दौरान भाजपा सरकार और भाजपा के प्रत्यासी कृष्ण पाल गुर्जर पर जमकर हमला बोला और कहा की इस सरकार में बैठे लोगों ने सभी वर्गों का अनादर किया है चाहे किसान हो मजदूर हो या फिर देश का गौरव पहल. वान बेटियां। सभी पर बर्बरता से पुलिस की लाठियां चलवाई अब समय है इन अहंकारियों को वोट की चोट से जवाब देने का। देवेश ने कहा की कृष्ण पाल गुर्जर के गुर्गों ने 10 साल पूरे लोकसभा क्षेत्र में जमकर लूट मचाई होडल में किरणपाल खटाना ने और हथीन में नरेन्द्र भिडूडी ने और फरीदाबाद में मामा ने जमकर लूट मचाई है।

# इनेलो प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने किया चांदहट में जनसंपर्क अभियान, की वोट देने की अपील



समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

फरीदाबाद। लोकसभा क्षेत्र से इंडियन नेशनल लोकदल के प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने आज जिले के गांव चांदहट में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों से इनेलो के पक्ष में वोट देने की अपील की. साथ ही उन्होने जाटों से एकजुट होकर मतदान करने को कहा और बताया की कांग्रेस और भाजपा को बार बार फरीदाबाद लोकसभा सीट से सांसद बनने का मौका दिया लेकिन दोनों पार्टियों ने इलाके का भला नहीं किया फरीदाबाद लोकसभा सीट से इनेलो के प्रत्याशी सुनील तेवतिया ने कहा की कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टी आपस में मिली हुई हैं। उन्होंने कहा की इनेलो पार्टी सभी वर्गों के पार्टी है जिसमें सभी को मान सम्मान दिया जाता है। उन्होंने कहा की चुनाव प्रचार के दौरान लोगों का भरपूर सहयोग उन्हें मिल रहा है। लोगों ने इनेलो के पक्ष में वोट देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा की लोगों के बीच में जाकर वोट की अपील कर रहे हैं और आगामी 25 मई तक उनकी पार्टी नंबर वन के रूप में उभरकर सामने आएगी।सुनील तेवतिया ने कहा की भाजपा की सरकार में एक भी योजना फरीदाबाद केलिए नही बनाई गई। जबकि केंद्र व प्रदेश दोनों जगह भाजपा की सरकार थी। फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है। पलवल जिले में कोई मेडिकल कॉलेज नही बनाया गया। उन्होंने कहा की इनेलो पार्टी की सरकार आने के बाद फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र को शिक्षा का हब बनाया जायेगा। महिलाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्र की जनता स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए मेडिकल कॉलेज खुलवाया जायेगा। युवाओं की खेलों में भागीदारी बनाने के लिए नेशनल हाईवे के नजदीक खेल स्टेडियम बनाया जायेगा।

# पोलिंग पार्टियों में ड्यूटीरत कर्मचारियों के वोट 20-21 मई को डलवाये जायेंगेः जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह



समाचार गेट/ब्यूरो

फरीदाबाद। जनरल ऑब्जर्वर अक्षय कुमार सिंह की उपस्थिति एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने यूनिट मैनेजमेंट के लिए रेंडेमाईजेशन करवाया, जिसमें बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट का रेंडेमाईजेशन किया। साथ ही उन्होंने कहा कि इशेंसियल सर्विस में नियुक्त कर्मचारियों की वोट 19-20 व 21 मई को उनके कार्यालय के कमरा नंबर-10-ए में डलवाये जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने दो राउंड में बीयू-सीयू तथा वीवीपैट का रेंडेमाईजेशन करवाया, जिसके बाद फाइनल राउंड की रेंडेमाईजेशन हुई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की पूर्ण संतुष्टि के साथ रेंडेमाईजेशन का कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने विस्तार से जानकारी भी दी और सभी विधानसभाओं के लिए बीयू, सीयू व वीवीपैट की रेंडेमाईजेशन करवाई।

मतदाताओं को वोटर स्लिप बांटने का कार्य भी बीएलओ करवायेंगे। उन्होंने कहा कि बल्क में वोटर स्लिप किसी को नहीं दी जाएगी। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे वोटर स्लिप स्वयं न लें। वोटर स्लिप बांटने का कार्य बीएलओ को दिया गया है। साथ में उन्होंने जानकारी दी कि अब ईवीएम मशीनों की कमिशनिंग का कार्य किया जाएगा। ए व बी कैटेगरी की ईवीएम स्ट्रांग रूम में तथा सी व डी कैटेगरी की ईवीएम वेयर हाउस में रखी जाएगी।

20 व 21 मई को वोटर फेसिलिटेशन सेंटरों में पोलिंग पार्टियों में ड्यूटी पर नियुक्त किये गये उन कर्मचारियों के वोट डलवाये जायेंगे, जो बाहरी जिलों के है। जबकि फरीदाबाद के निवासी कर्मचारियों को इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट -इडीसी दी गई है जिन्हें मतदान केंद्र पर ही वोट डालने का अवसर दिया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 16 व 18 मई को 85 प्लस आयु वाले तथा दिव्यांग मतदाताओं के वोट घर-घर जाकर डलवाये जायेंगे, जिसके लिए पोलिंग टीमों की ड्यूटी लगा दी गई है। इनमें पृथला विधानसभा क्षेत्र में छह, फरीदाबाद एनआईटी में 2, बड़खल में 13, बल्लभगढ में एक, फरीदाबाद में 06 और तिगांव विधानसभा क्षेत्र में 06 पोलिंग पार्टिया नियुक्त की गयी है जोकि 85 प्लस आयु वाले सीनियर सिटिज़न मतदाताओं और दिव्यांगजन मतदाताओं के वोट घर घर जाकर बैलेट वोट डलवाएंगे।

इस दौरान पलवल की उपायुक्त नेहा सिंह, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर पिंगिले सतीश रेड्डी तथा विष्णु बजाज, अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा, नगराधीश अंकित, नगराधीश पलवल अप्रतिम, भारतीय जनता पार्टी के अश्विनी गुलाटी, विनोद खुराना, आईएनएल डी के आरएस राठी, अजय नरवाल, अशोक कुमार, विकास ठाकुर, आरयूपी के सनी, बुलंद भारतीय पार्टी के शिव शंकर, अखिल भारतीय किसान मजदुर पार्टी के रणधीर सिंह, आदिम भारतीय पार्टी के हरी शंकर, राकेश भड़ाना, चुनाव तहसीलदार जयकिशन, हरमीत सहित अन्य कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।



# भाजपा विधायक भव्य बिश्नोई ने पलवल में आज युवा सम्मेलन को सम्बोधित किया!

समाचार गेट/ज्योति खंडेलवाल

पलवल। भाजपा युवा मोर्चा हरियाणा के प्रभारी और आदमपुर से भाजपा विधायक भव्य बिश्नोई ने पलवल में आज युवा सम्मेलन को सम्बोधित कर भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर को वोट देने की अपील की। इस दौरान भव्य बिश्नोई की भी अपने पिता कुलदीप बिश्नोई की तरह हिसार से टिकट न मिलने की टीस सामने आई और कहा की अगर उनके पिता पर हिसार का टिकट होता तो एकतरफा चुनाव होता। इस दौरान उनके साथ भाजपा के जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया और भाजयुमो के सचिव गौरव गौतम व् अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। आदमपुर से भाजपा विधायक



भव्य बिश्नोई ने पलवल में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा उन्हें प्रदेश के कोने–कोने से रिपोर्ट मिल रही है की सभी दस सीटों पर एकतरफा मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का मन बना लिया है जिसमें युवाओं का सबसे अहम योगदान रहेगा। उन्होंने कहा की फरीदाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी कृष्णपाल गुर्जर अच्छे मार्जन से चुनाव जीतेंगे। उन्होंने कहा की कांग्रेस से जनता का पूरी तरह से विश्वास उठ चुका है। भव्य बिश्नोई ने कहा की अगर हिसार से कुलदीप बिश्नोई प्रत्याशी होते तो एक तरफा चुनाव होता लेकिन पार्टी ने जो फैसला लिया है सोच समझ कर लिया है उन्हें पूरा यकीन है की निश्चित ही हिसार में भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी। उन्होंने कहा रंजीत चौटाला से उनके अच्छे संबंध हैं न उनकी पहले नाराजगी थी न आज है। इतना ही नही उन्होंने दुष्यंत चौटाला के उस बयान पर भी कटाक्ष किया जिसमें दुष्यंत ने कहा था की कांग्रेस और भाजपा ने मिलीभगत कर प्रत्याशी उतारे हैं उसपर भव्य ने कहा की ऐसा कुछ भी नही है यह दुष्यंत की बौखलाहट है।

दुष्यंत चौटाला ने साढ़े चार साल सत्ता का आनंद लिया जब जनता का उनके ऊपर से विश्वास उठ गया तो वो जनता को भड़काने बहकाने का काम कर रहे है।

चंद्रमोहन बिश्नोई के द्वारा कांग्रेस का प्रचार करने पर उन्होंने कहा की वह हमारे बहुत आदरणीय हैं लेकिन वो अपना धर्म निभा रहे हैं हम अपना धर्म निभा रहे है राजनीती अलग होती है परिवार अलग होता है।

# परवेज खान ने 1500 मीटर दौड़ में फिर लहराया परचम, ओलंपिक में पहुंचने की राह आसान

समाचार गेट/पंकज

सोहना विधानसभा के उपमंडल के गांव चाहल्का के रहने वाले राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान ने अमेरिका के फ्लोरिडा में

एसईसी चैंपियनशिप में एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जहां परवेज ने एसईसी ट्रैक एंड फील्ड आउटडोर चैंपियनशिप 2024 में 1500 मीटर और 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर फाइनल इवेंट में जगह बनाई, तो वहीं शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में 1500 मीटर स्पर्धा में गोल्ड और 800 मीटर में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा है। यहां तक पहुंचने वाले वह पहले भारतीय एथलीट हैं। परवेज की तूफ़ान जैसी रफ़्तार देखकर लोगों के



साथ साथदृसाथ उद्योगपति भी प्रभावित हुए हैं। दौड़ स्पर्धा में प्रथम आकर परवेज खान ने ओलंपिक में जगह बनाने की राह आसान कर ली है। परिजनों ने बताया कि एक छोटे से गांव से मेहनत कर उसने देश का नाम रोशन किया है और उन्हें उम्मीद है कि वह देश के लिए ओलंपिक में खेले

गौरतलब कि अमेरिका के फ्लोरिडा में आयोजित एसईसी ट्रैक एंड फील्ड आउटडोर चैंपियनशिप 2024 में मेवात जिले के चाहल्का निवासी 20 वर्षीय परवेज खान ने क्वालिफाइंग रेस में 800 मीटर को 1.48.33 मिनट में और 1500 मीटर 3.44.98 मिनट में पूरी कर फाइनल में अपनी जगह बनाई थी। जिसके बाद रविवार की रात फाइनल का मुकाबला हुआ। 1500 मीटर दौड़ के इस मुकाबले में विभिन्न देशों के 9 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें सभी को पछाड़ते हुए परवेज ने प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया, वहीं 800 मीटर स्पर्धा में तीसरे स्थान पर आकर कांस्य पदक विजेता बने। इससे पहले परवेज अंडर 16 में 800 मीटर में नेशनल रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके है। जिसके बाद लगातार 2021दृ22 में परवेज नेशनल चैंपियन भी रह चुके हैं।

इतना ही नहीं एनसीएए ट्रैक पर भी दौड़ने वाला परवेज पहला भारतीय है, इससे पहले वहां कोई भी भारतीय क्वालीफाई नहीं कर पाया। परवेज के पिता नफीस अहमद ने बताया कि 30 जून से पहले 1500 मीटर एथलीट खिलाड़ियों की रैंकिंग निकाली जाएगी, जिसके बाद टॉप 2 खिलाडियों को ओलंपिक में जाने का मौका मिलेगा।

### लाठी डंडों से लैस जबरन छुड़ाकर ले गए ट्रैक्टर

# चैकिंग के दौरान खनन माफियाओं ने किया अधिकारियों पर हमला

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। अवैध खनन को रोकने के लिए चैकिंग पर गई टीम पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। खनन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हो गए है कि खनन अधिकारी एवं पुलिस टीम पर हमला करने से भी नहीं चूक रहे हैं। आज ऐसा ही एक मामला होडल उटावड़ रोड पर घटित हुई है।

**खनन अधिकारी निर्मला शर्मा अपनी टीम के साथ अवैध खनन को रोकने के लिए चैकिंग पर होडल उटावड़ रोड पर थे। इसी दौरान उन्हें एक ट्रैक्टर ट्रॉली डस्ट से भरी हुई आती दिखाई दी। चैकिंग टीम ने ट्रैक्टर चालक को रोक लिया। ट्रैक्टर चालक के पास डस्ट से संबंधित कोई कागजात नहीं मिला।**

खनन अधिकारी निर्मला शर्मा अपनी टीम के साथ अवैध खनन को रोकने के लिए चैकिंग पर होडल उटावड़ रोड पर थे। इसी दौरान उन्हें एक ट्रैक्टर ट्रॉली डस्ट से भरी हुई आती दिखाई दी। चैकिंग टीम ने ट्रैक्टर चालक को रोक लिया। ट्रैक्टर चालक के पास डस्ट से संबंधित कोई कागजात नहीं मिला।

खनन निरीक्षक निर्मला शर्मा ने खनन रक्षक अर्जुन सिंह को ट्रैक्टर लेकर होडल चलने के लिए कहा। वह ट्रैक्टर लेकर कुछ दूरी पर पहुंच ही था कि एक ब्रेजा गाड़ी उनके पास आकर रुकी। गाड़ी से चार–पांच युवक उतरे जो कि लाठी–डंडों से लैस थे। बताया गया है कि उन्होंने खनन रक्षक अर्जुन सिंह को ट्रैक्टर से नीचे उतार लिया। उन्होंने अपनी ब्रेजा गाड़ी को खनन अधिकारी की गाड़ी के आगे लगा दिया। उन्होंने अपनी ब्रेजा गाड़ी से खनन अधिकारी की गाड़ी में टक्कर मारने की कोशिश की।

खनन अधिकारी का आरोप है कि उक्त हमलावरों ने खनन रक्षक अर्जुन सिंह और दूसरे सदस्य रविदास के साथ हाथापाई की और डस्ट से भरी ट्रैक्टर ट्राली को लेकर भाग गए।

उन्होंने बताया की हमलावरों के हाथों में लाठी डंडे होने के कारण वह उन्हें रोकने में सफल नहीं हो सके।

# अवैध देश शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। एस पी कार्यालय से जानकारी के अनुसार बताया गया कि चुनावो को मध्य नजर रखते हुए अवैध शराब कार्यवारियो पर पुलिस की पैनी नजर रखे हुए है इसी के चलते पुलिस ने जगह जगह गस्त बढाई हुई है।

मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली की गांव भिडुकी निवासी आरोपी अवैध शराब तस्करी करता है अगर रेड की जाए तो आरोपी पकड़ा जा सकता है हसनपुर पुलिस ने टीम गठित कर रेड की तो हसनपुर थाने पुलिस ने गांव भिडुकी निवासी आरोपी तस्कर को 52 पव्वा देसी शराब मस्ताना सहित काबू किया।

उपरोक्त मामले में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# 15 लाख रुपए की कीमत की 600 पेटी अवैध शराब देसी बरामद

समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज

होडल। पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार डॉ अंशु सिंगला, पुलिस अधीक्षक पलवल के कुशल नेतृत्व में लोकसभा चुनाव मध्यनजर जिला पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान शराब तस्करी पर प्रहार करते हुए अवैध शराब तस्करों की धरपकड़ के संबंध में चलाया हुआ है। इसी मुहिम के अंतर्गत क्राइम ब्रांच हथीन प्रभारी उप निरीक्षक दीपक गुलिया की टीम में तैनात हेड कांस्टेबल यशवीर को विश्वसनीय सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई की कैन्टर गढी लालवा रोड शराब ठेके के बराबर में खडा है जिसमे बिना कागजात के अवैध शराब भरी है। टीम ने तुरंत मौका पर दबीश दी तथा मौका पर गाडी चालक बासंवा निवासी लखपत को काबु किया तथा शराब बारे बिल वा पास मांगे तो चालक ने चार पास जो दो बिल



पास ठेका थाना रोड होडल वा एक पास सौन्ध व एक पास चरण सिंह चौक होडल का पाया गया जो मुताबिक वैरीफीकेशन पास गाडी अपने रुट से आगे गढी ठेका पर शराब उतारना पाया। इस संबंध में मौका पर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने भी गलत तरीके से अवैध शराब होने बारे अपनी पुष्टि की। टीम ने शराब तस्करी पर कड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 15 लाख रुपए की कीमत की 600 पेटी अवैध शराब देसी मस्ताना की बड़ी खेप सहित आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है मामले में सान लिप्त अन्य आरोपी की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

उपरोक्त मामलों में आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थानों में आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीबद्ध कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# खतरे में है स्वाति मालीवाल की जान... पूर्व पति नवीन जयहिंद का आरोप

### केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर की मांग

समाचार गेट/एजेंसी

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट का मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। बीजेपी इसके विरोध में प्रदर्शन कर रही है। इस बीच मालीवाल के पूर्व पति नवीन जयहिंद ने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उन्होंने सांसद संजय सिंह को केजरीवाल का तोता बताते हुए कहा कि उन्हें घटना के बारे में पहले से पता था। नवीन जयहिंद ने कहा कि दिल्ली का सीएम निवास वास्तव में गटर हाउस है। स्वाति मालीवाल के साथ हुई घटना खतरनाक है। सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए क्योंकि यह उनके घर पर हुआ था।

स्वाति की जान खतरे में: नवीन जयहिंद

उन्होंने कहा कि स्वाति की जान खतरे में है। उन्होंने स्वाति मालीवाल के पुलिस स्टेशन से वापस आने पर सवाल उठाते हुए कहा कि स्वाति को धमकी दी गई, वरना मारपीट के बाद कौन पुलिस को फोन नहीं करेगा? उन्हें चुप नहीं कराया जा सकता है, इसलिए उस पर दबाव डाला जा रहा है।

जयहिंद ने कहा कि इस मामले में गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस और महिला आयोग को कार्रवाई करना चाहिए। पूर्व आप नेता ने कहा कि अगर स्वाति मालीवाल उनसे मदद मांगती हैं तो वह जरूर सहायता करेंगे।

संजय सिंह पर हमला बोलते हुए नवीन जयहिंद ने कहा कि संजय सिंह खुद किस तरह से राज्यसभा गए हैं ये बात वह भी जानते हैं। वह केवल अरविंद केजरीवाल के 'तोते' हैं, जो उनके इशारे पर काम करते हैं। जयहिंद ने आरोप लगाया कि संजय सिंह को पहले ही इस घटना के बारे में पता था कि सीएम हाउस में स्वाति के साथ मारपीट होगी। अब वह एक्टिंग कर रहे हैं। ये भाजपा–कांग्रेस या ।। रु का मामला नहीं है। संजय सिंह खुद स्वाति मालीवाल को छोटी बहन कहते थे, जब ये घटना हुई तो केजरीवाल के बचाव में उतर गए। उन्होंने घटना के दौरान वहां मौजूद सभी लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की।



## कहां हैं मालीवाल, क्या समझौते के लिए डाला जा रहा है दबाव

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत 25 मई को दिल्ली में वोटिंग होनी है। इससे पहले दिल्ली की सियासत आम आदमी पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल को लेकर उफान पर है। बीजेपी नेता शाजिया इल्मी ने राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से सीएम आवास पर हुई अभद्रता पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से सीधे सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि 48 घंटे बीत गए हैं, सबके मन में यह सवाल है कि सुल्तान साहब के शीशमहल में क्या हो रहा है? उन्होंने सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और आतिशी की चुप्पी पर प्रश्न किए। स्वाति मालीवाल के साथ हुई अभद्रता को लेकर भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने बुधवार सुबह सीएम हाउस पर प्रदर्शन भी किया। आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने 13 मई को पीसीआर कॉल करके कहा था कि सीएम हाउस में उनसे मारपीट हुई है।



# आजादी के बाद सबसे कम समय अवधि के अधिकतम लाभार्थी: डॉ. सतीश खोला



निकिता माघोगड़िया

रेवाड़ी। भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. सतीश खोला ने अपने कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर अगले दस दिनों में गहन डोर टू डोर जन सम्पर्क कर पार्टी के लिए वोट की अपील करने की जिम्मेदारी लगाई, एक अपील कॉर्ड भी जारी किया।

डॉ.सतीश खोला ने बताया कि गुरुग्राम लोकसभा में पिछले दस सालों में आयुष्मान भारत योजना के 1051080 लाभार्थी प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 13474 लाभार्थी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड 33086 ,प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 173873, प्रधानमंत्री जन धन योजना ई–श्रम कार्ड 643562 पंजीकरण ,दीनदयाल अंत्योदय योजना 65948 परिवार ,श्रम योगी मान धन 31526 लाभार्थी राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम 226038 लाभार्थी, उजाला योजना 1305429 लाभार्थी ,जल जीवन मिशन 171452 ,जन औषधि केंद्र 47 केंद्र ,स्वच्छ भारत अभियान 117658 टॉयलेट, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना 35774 टोटल कनेक्शन , प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना 2169018 लाभार्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना 20600 मकान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 150 नई सड़कें, राष्ट्रीय अप्रेंटीशिप प्रोत्साहन योजना 85469 लाभार्थी, प्रधानमन्त्री मुद्रा योजना 498831बैंक खाते। डॉ. सतीश खोला ने दावा किया की 25 लाख सम्मानित वोटरों के सभी के घरों में किसी ने किसी योजना का लाभ जरूर मिला है। देश की आजादी के बाद पहली बार कम समय अवधि के अधिकतम लाभार्थी है।

# नागरिक हस्पताल में शुरू होगी अल्ट्रासाउंड सेवा

## जिला पार्षद एडवोकेट जीवन हितैषी ने सांसद अरविंद शर्मा को लिखा था पत्र




निकिता माघोगड़िया

रेवाड़ी। कोसली निवासियों के लिए हर्ष का विषय है कि कोसली नागरिक अस्पताल में पहले एक्स–रे मशीन की सुविधा शुरू होने के बाद अब गर्भवति महिलाओं के लिए अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी शुरू होने जा रही है।

जिला पार्षद जीवन राम हितैषी ने बताया कि सितंबर 2023 में कोसली में हुए जनसंवाद कार्यक्रम में उनके द्वारा व समस्त ग्रामवासी कोसली द्वारा मांग की गई थी की कोसली नागरिक हस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं है। जिस पर सांसद डॉ अरविंद शर्मा ने संज्ञान लेते हुए अब कोसली के नागरिग हस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन भिजवा दी है जिसकी सूचना आज एसएमओ कोसली द्वारा मुझे दी गई है।

जल्द ही मशीन को इंस्टाल कर जनता की सेवा को समर्पित की जाएगी। श्री हितैषी ने कहा हम सांसद डॉ अरविंद शर्मा का हार्दिक धन्यवाद करते है। जिनके प्रयास से यह अल्ट्रासाउंड मशीन कोसली पहुंची। इस से पहले आम जन को अल्ट्रासाउंड बाहर करवाना पड़ता था। किसान, मजदूर वर्ग ज्यादा था मगर अब लोगों को परेशान नहीं होना पड़ेगा।

इस नेक कार्य के लिए ग्रामीणों ने जिला पार्षद एडवोकेट जीवन राम हितैषी व सांसद डॉ अरविंद शर्मा का आभार व्यक्त किया।

# जियो गीता ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंदजी महाराज के जन्मदिन पर लगाया रक्तदान शिविर



निकिता माघोगड़िया

रेवाड़ी। जिओ गीता संस्था की ओर से गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के जन्मदिन को प्रेरणा दिवस के रूप मे बड़े ही उत्साह से मनाया गया। जिओ गीता के जिला संयोजक नवीन अरोड़ा और अन्य सभी सेवकों ने सुबह सवेरे कुतुबपुर स्थित गौशाला में जाकर गौ सेवा की एवम् पानी की छबील लगा कर जन सेवा की। उसके बाद जिओ गीता के तत्वावधान में रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स और श्री श्याम दीवाना मंडल ट्रस्ट (रजि.) के सहयोग से सेक्टर 1 स्थित सोलह राही के श्री श्याम मंदिर के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 35 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिनमे 10 महिलाओं ने भी रक्तदान कर अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज कराई। उपरोक्त जानकारी देते हुए रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स के जन सम्पर्क अधिकारी याद के. सुगंध ने बताया कि एकत्रित रक्त रेवाड़ी के एस जे एम सी ब्लड बैंक को दिया गया। क्लब के प्रधान मनोज यादव ने बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है।

किसी भी जरुरत मन्द को इस से जीवन दान मिलता है। रोटरी क्लब समय समय बढ़–चढ़कर रक्तदान शिविर आयोजित करता रहा है।

सभी रक्तदाताओ को अल्पाहार व उपहार देकर सम्मानित किया गया। श्री श्याम दीवाना मंडल के प्रधान जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 25 वर्ष हो तथा वजन कम से कम 45 किलो व होमोग्लोबिन 12.5 से ज्यादा है, रक्तदान कर सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स के प्रधान मनोज यादव, नवीन अरोड़ा, मीनाक्षी अरोड़ा, याद सुगन्ध, दीपक गुप्ता, प्रदीप नरूला, प्रीति ढींगड़ा, ऋतु आहूजा आदि एवम् श्री श्याम दीवाना मंडल की ओर से प्रधान जितेंद्र वर्मा, सचिव नवनीत सोनी, मुकेश वर्मा, गौरव खीरबाट, जतिन चक्रवर्ती, संजय अग्रवाल, सोनू वर्मा, उमेश, नरेश गुलयानी आदि और एस जे एम सी ब्लड बैंक की ओर से स्त्यनारायण, मनीषा, संदीप, सुरेन्द्र आदि अनेक लोगों का सहयोग रहा।

# बाबा साहब ने विकट परिस्थितियों को अपनी हार का नहीं अपितु जीत का कारण बनाया



निकिता माघोगड़िया

रेवाड़ी। बावल शहर के डा. अंबेडकर पार्क में भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती के कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा हरियाणा के प्रदेश सचिव लोकसभा गुरुग्राम के सहसंयोजक एडवोकेट कमल निम्बल ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पमाला पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि आज डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन भारत में ही नहीं अपित पूरे विश्व में बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है

डॉ भीमराव अंबेडकर का सारा जीवन संघर्षमयी रहा और बाबा साहब ने अपने सामने आने वाली विकट परिस्थितियों का हमेशा डटकर मुकाबला किया और कभी भी रास्ते में आने वाली चुनौतियो से घबराएं नहीं अपितु उन चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया तथा विकट परिस्थितियों को अपनी हार का नही अपितु अपनी जीत का कारण बनाया

बाबा साहब को हम आज सिर्फ याद ही नहीं कर रहे, बल्कि उनके विचारों की प्रेरण ा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी वंचितों और पिछड़े वर्गों तक न्याय और उनके अधिकारों की आसान पहुंच को सुनिश्चित कर रहे हैं।







# सनराइजर्स हैदराबाद से बुरी तरह हारी लखनऊ जाएंट्स



समाचार गेट/एजेंसी

**मुंबई।** सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स को 10 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 20 ओवर में चार विकेट गंवाकर 165 रन बनाए थे। 166 रन के लक्ष्य को हैदराबाद की टीम ने 10 ओवर के अंदर यानी 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। हैदराबाद ने 62 गेंद शेष रहते मैच जीता। ट्रेविस हेड ने 30 गेंद में आठ चौके और आठ छक्के की मदद से 89 रन और अभिषेक शर्मा ने 28 गेंद में आठ चौके और छह छक्के की मदद से 75 रन की नाबाद पारी खेली। अभिषेक ने छक्के के साथ मैच को खत्म किया। इस जीत के साथ हैदराबाद की टीम तीसरे स्थान पर आ गई है। उसके 12 मैचों के बाद सात जीत और पांच हार के साथ 14 अंक हैं। हैदराबाद का नेट रन रेट +0.406 है। वहीं, लखनऊ की। हैदराबाद का अगला मैच 16 मई को गुजरात टाइटंस और 19 मई को पंजाब किंग्स से है। यह दोनों मुकाबले हैदराबाद की टीम अपने होमग्राउंड पर खेलेगी। वहीं, लखनऊ की टीम 14 मई को दिल्ली से अरुण जेटली स्टेडियम में और 17 मई को मुंबई से वानखेड़े में भिड़ना है। सात ओवर के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने बिना विकेट गंवाए 126 रन बना लिए हैं। फिलहाल ट्रेविस हेड 21 गेंद में 66 रन और अभिषेक शर्मा 21 गेंद में 57 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। दोनों ने चौके-छक्कों की बौछार कर दी है। अभिषेक ने आईपीएल करियर का छठा और हेड ने पांचवां अर्धशतक लगाया। हैदराबाद को ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने तूफानी शुरुआत दिलाई है। दोनों ने छह ओवर में 107 रन जोड़ लिए हैं। लखनऊ के लय को इन दोनों बल्लेबाजों ने तोड़ दिया है। एलएसजी को टाइम आउट का सहारा लेना पड़ा। हेड 18 गेंद में 58 रन और अभिषेक 18 गेंद में 46 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। हेड का आईपीएल में पांचवां अर्धशतक है। पांच ओवर के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने बिना विकेट गंवाए 87 रन बना लिए हैं। फिलहाल ट्रेविस हेड 18 गेंद में 58 रन और अभिषेक शर्मा 12 गेंद में 26 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। ऐसा लग रहा हैदराबाद की टीम जल्द ही मैच खत्म कर देगी। लखनऊ को 66 के स्कोर पर चौथा झटका लगा। 12वें ओवर में क्रुणाल ने मिड ऑफ पर शॉट खेला और एक रन के लिए दौड़े, लेकिन वहां फील्डिंग कर रहे कमिंस ने नॉन स्ट्राइकर एंड पर गजब का थ्रो किया। गेंद सीधे जाकर विकेट पर लगी। क्रुणाल क्रीज से काफी दूर थे। ऐसे में वह रन आउट हो गए। क्रुणाल ने 21 गेंद में दो छक्के की मदद से 24 रन की पारी खेली। फिलहाल निकोलस पूरन और आयुष बदोनी क्रीज पर हैं। 12 ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर चार विकेट गंवाकर 69 रन है।

# बेंगलुरु-पंजाब का मुकाबला, जो हारा हो जाएगा बाहर



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 58वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स का मुक़ाबला 9 मई को होगा। अभी तक मुंबई इंडियंस एकमात्र टीम है जो आधिकारिक रूप से प्लेऑफ से बाहर हो गई है। अन्य 9 टीमों के बीच अब भी टॉप-4 में बने रहने की जंग छिड़ी हुई है। 9 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स का मैच होना है। RCB और PBKS अभी प्वाइंट्स टेबल में क्रमश: 7वें और 8वें स्थान पर हैं और उन दोनों के अभी आठ-आठ अंक हैं। ये भिड़ंत दोनों टीमों के लिए प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए बहुत अहम होगी।

**जो हारा हो जाएगा बाहर**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने अभी तक 11 मैच खेले हैं और दोनों टीमों ने चार-चार जीत दर्ज की हैं। उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए अगले तीनों मैच जीतने की जरूरत है. मगर अब के मैच में कोई एक टीम बाहर होने वाली है।

हारने वाली टीम अगर अगले 2 मैच जीत भी जाती है तो उसके 12 ही अंक हो पाएंगे। हालांकि CSK, LSG और DC के अभी 12 अंक हैं, लेकिन अभी लखनऊ और दिल्ली का मैच होना है, जिससे उनमें से कोई एक जरूर 14 अंकों तक पहुंचेगी। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एक समय पर 8 मैचों में केवल एक जीत दर्ज कर सकी थी। मगर फाफ डु प्लेसिस की सेना पिछले तीनों मैचों में विजयी रहकर जीत की हैट्रिक लगा चुकी है। अगर टीम को प्लेऑफ में जाने की उम्मीदों को जिंदा रखना है तो अगले तीनों मैचों को जीतना होगा। पिछले 3 मैचों में RCB ने एक बार सनराइजर्स हैदराबाद और 2 बार गुजरात टाइटंस को 2 बार हराया है। मुंबई इंडियंस IPL 2024 से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। MI ने अब तक 12 मैचों में केवल 4 जीत दर्ज की हैं, जिससे टीम अभी 8 अंकों के साथ प्वाइंट्स टेबल में 9वें नंबर पर मौजूद है।

मुंबई अगर अगले दोनों मैच जीत भी लेती है तो उसके 12 अंक हो पाएंगे। मगर MI को अभी KKR और LSG के साथ मैच खेलना है और वो विशेष रूप से लखनऊ की मुश्किलें बढ़ा सकती है। अब इस लिस्ट में एक और नाम जुड़ जाएगा।

# जापान की टीम ने रच दिया इतिहास



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** IPL 2024 में इन दिनों टीम बड़े-बड़े स्कोर बना रही हैं, लेकिन अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक टीम मात्र 12 रनों पर ऑल-आउट हो गई है। ये मामला है हाल ही में हुए जापान बनाम मंगोलिया मैच का। मंगोलियाई क्रिकेट टीम ने 7 महीनों पहले ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा है। मंगोलिया की टीम पहली बार एशियन गेम्स में खेलती हुई दिखाई दी थी। जापान के खिलाफ मैच में मंगोलिया मात्र 12 रन पर आउट हो गई है, जो टी20 क्रिकेट के इतिहास का दूसरा सबसे छोटा स्कोर है। इसी के साथ जापान ने इस मैच को 205 रनों के अंतर से जीत लिया है. इससे पहले एक टीम केवल 10 रनों के स्कोर पर सिमट चुकी है। मंगोलियाई टीम अभी जापान का दौरा कर रही है। उनके बीच 7 टी20 मैचों की सीरीज खेली जानी है। सीरीज के दूसरे मैच में जापान ने पहले खेलते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 217 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी मंगोलियाई टीम की पारी की पहली ही गेंद पर विकेट गिर गया था। एक-एक कर सभी खिलाड़ी पवेलियन लौटते चले गए और 11 खिलाड़ियों में से 7 ऐसे रहे, जो एक भी रन नहीं बना पाए। जापान की ओर से बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा काटो-स्टैफर्ड ने 3.2 ओवरों में मात्र 7 रन देकर 5 विकेट लिए। मंगोलियाई टीम के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में अभी तक का सफर अच्छा नहीं रहा है। मंगोलिया का अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे पहला मैच 27 सितंबर, 2023 को खेला था।उस मैच में नेपाल ने पहले खेलते हुए 20 ओवरों में 314 रन बना डाले थे। वहीं मंगोलिया के खिलाड़ी लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 41 रन के स्कोर पर ऑल-आउट हो गई थी।वहीं अपने दूसरे मैच में भी उन्हें मालदीव्स के हाथों 9 विकेट से बहुत बड़ी हार झेलनी पड़ी थी।

# ये खिलाड़ी बना आईपीएल में छक्कों का बादशाह



समाचार गेट/एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन शुरू से रनों की बारिश करता आ रहा है। इस सीजन में 30 से भी ज्यादा पारियों में कोई टीम 200 या उससे ज्यादा स्कोर बना चुकी है। IPL 2024 वही टूर्नामेंट है, जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद इस लीग के इतिहास में सबसे बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही थी। स्क्ा ने RCB के खिलाफ 287 रन बना डाले थे। विशेष रूप से ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की धुआंधार सलामी बल्लेबाजी ने स्क्ा को बड़े स्कोर बनाने में मदद की है। एक समय था जब IPL में क्रिस गेल सबसे ज्यादा छक्के लगाने की लिस्ट में टॉप पर हुआ करते थे। मगर IPL 2024 में एक भारतीय खिलाड़ी ने छक्कों की लिस्ट में टॉप कर लिया है।

**किसने लगाए हैं सबसे ज्यादा छक्के**

SRH vs LSG मैच से पूर्व IPL में सबसे ज्यादा छक्के सुनील नरेन के नाम थे। ‍च्च्क्र के तूफानी सलामी बल्लेबाज नरेन ने अभी तक 11 मैचों में 32 छक्के लगाए हैं। मगर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मैच में अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में 75 रनों की तेजतर्रार पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 6 छक्के लगाए थे। इसी के साथ अभिषेक IPL 2024 में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने की लिस्ट में टॉप पर पहुंच गए हैं। अभिषेक के नाम अब 12 मैचों में 35 छक्के हो गए हैं।

**टॉप - 5 में पहुंचे केवल 5 भारतीय**

IPL 2024 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो इनमें केवल 2 भारतीय शामिल हैं। 35 छक्कों के साथ अभिषेक शर्मा टॉप पर हैं और 5वें स्थान पर राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग हैं। पराग ने अभी तक 11 मैचों में 28 छक्के जड़े हैं। 32 छक्कों के साथ सुनील नरेन दूसरे, वहीं ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन के नाम 31 छक्के हैं।

IPL 2024 में सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाजों का इतना बोलबाला रहा है कि स्क्ा किसी सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाली टीम बन गई है। इससे पहले किसी एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड CSK के नाम था, जिसके खिलाड़ियों ने 2018 में 145 छक्के जड़े थे। वहीं अब हैदराबाद के खिलाड़ियों ने IPL 2024 में अभी तक 146 छक्के ठोक दिए हैं।

# किसानों और आमजन के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

**कहा–दस साल में राजनीति में बहुत कुछ बदला, अब संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग है**

**ये कैसा सबका विकास: धनाड्यों के लाखों–करोडों के कर्ज माफ और किसान को मुआवजा तक नहीं**



समाचार गेट ब्यूरो

**रानियां।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा कि दस साल की राजनीति में बहुत बदलाव आया है, आज देश में अब संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग जारी है, सरकार आमजनता के हित में कोई काम करने के बजाए जनता और किसानों के साथ पोर्टल-पोर्टल खेल रही है, किसानों को बरबाद हुई फसलों का मुआवजा तक नहीं दिया जाता और धनाड्यों के लाखों-करोडों के कर्जे माफ कर दिए जाते हैं।

सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार ने जब सरपंचों के सारे को अधिकार ही छीन लिये तो गांवों में कैसे विकास होगा, इस सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाए जनता को मुद्दों से भटकाकर देश और समाज में धर्म के नाम पर बंटवारे की बात करती है।

कुमारी सैलजा ने वीरवार को रानियां विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा कर कार्यक्रमों में भाग लिया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सैलजा ने गांव भंभूर से चुनावी दौरा शुरू किया, वे जिस जिस गांवों में गई वहां पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। युवाओं में उत्साह देखते ही बनता था, महिलाओं और बुजुर्गो ने सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। उनके साथ चूरू लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल कस्वा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डा. केवी सिंह, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व विधायक रणधीर सिंह धीरा, मलकीत सिंह खोसा, कामरेड स्वर्ण सिंह विर्क, पूर्व मंत्री जगदीश नेहरा के पुत्र एडवोकेट संदीप नेहरा, जसवंत सिंह कस्वां, हरिओम कौशिक, राजेश चाड़ीवाल, रतन गेदर, विशाल वर्मा, गुरदेव सिंह विर्क, रवि कंबोज, विनीत कंबोज, आम आदमी पार्टी नेता हैप्पी कंबोज आदि मौजूद थे।

गांव मंगाला में जनसमूह को संबोधित मोदी सरकार ने देश की जनता के साथ विश्वासघात के सिवाय कुछ नहीं किया, कभी लोगों के खाते में 15 लाख रुपये डालने की बात कहकर गुमराह किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश और समाज में बंटवारे जैसा माहौल बना दिया है, देश में लोकतंत्र तो रहा ही नहीं सरकार तानाशाह बनी हुई है, लोग अपने सम्मान और अधिकारियों की लड़ाई लड़ रहे हैं, अब हमें किसानों, युवाओं, महिलाओं, कर्मचारियों के हितों का ध्यान रखकर कल के बारे में सोचना है आज समय आ गया है जहां लोकतंत्र को बचाना भी है और उसे मजबूत करना भी है। युवाओं को नशे की गर्त से बाहर निकालकर उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है और उनको रोजगार उपलब्ध करवाना है। जिस देश में बेरोगारों की कतार लगी हुई है वहां विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि किसान अपने हकों की लड़ाई लड़ रहा है पर सरकार के पास उनको मुआवजा तक देने के लिए पैसे नहीं है पर सरकार के साथ चलने वाले दो चार धनाड्यों के लाखों-करोडों के कर्ज माफ किए जाते है क्या इसी को सबका साथ सबका विकास कहा जाता है।

उन्होंने कहा कि सिरसा लोकसभा क्षेत्र उनका अपना घर परिवार है, उनके पिता चौ दलबीर सिंह का इस क्षेत्र से लगाव रहा है इसी भूमि से उन्होंने राजनीति की शुरूआत की, मेरा इस क्षेत्र से गहरा नाता रहा है, उनका सिरसा आना जाना रहा है वे लोगों के सुख दुख में शामिल होती रही है। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों के कहने पर ही वे चुनाव लड़ रहा है सच तो ये है कि यहां से सैलजा नहीं बल्कि सिरसा की जनता चुनाव लड़ रही है। भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी, अगर पार्टी जिंदा है तो हम जिंदा हैं। हम सभी को मिलकर बीजेपी के मंसूबों को पूरा नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का कोई भी नेता असली मुद्दों पर बात नहीं करता बल्कि जनता का ध्यान असली मुद्दों से भटका रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पता है कि इस बार जनता उसके बहकावे में आने वाली नहीं है ऐसे में भाजपा धर्म की बात करती है।

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों की आय दुगनी करने के बात कही थी आय दुगनी तो नहीं हुई पर दस साल में किसान पर आर्थिक बोझा कई गुना बढ़ गया। फसलों को मुआवजा दिया नहीं जा रहा है, किसान धरना प्रदर्शन कर रहा है, सरकार एमएसपी की बात से दूर भाग रहा है एसएसपी पर आश्वासन ही दिए जा रहे है पर कांग्रेस को वायदा करती है कि एमएसपी कानून लागू किया जाएगा और किसानों के सारे कब्जे माफ किए जाएंगे। सरपंचों और स्थानीय निकायो के अध्यक्षों के अधिकार बहाल किए जाएंगे। युवाओं, महिलाओं को उनके हक दिए जाएगें, भाजपा किसी न किसी बहाने से महिलाओं, बहन बेटियों का अपमान करती आ रही है पर कांग्रेस महिलाओं का पूरा मान सम्मान करेगी। नशा मुक्ति को लेकर सख्त नीति बनाई जाएगी। युवाओं को नशे से बाहर निकालने के लिए प्रभावित हर जिला में नशा मुक्ति केंद्र खोले जाएंगे।

**सैलजा का सिरसा विधानसभा क्षेत्र का दौरा 10 मई को**

सिरसा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी (इंडिया गठबंधन) कुमारी सैलजा 10 मई को सिरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर कार्यक्रमों में शामिल होकर कांग्रेस के पक्ष में वोट की अपील करेंगी। वे 10 मई को 09.00 बजे भगवान परशुराम चौक पर पहुंचकर मल्यार्पण करेंगी इसके बाद में 09.15 बजे – सोनी धर्मशाला (बेगूं रोड, सिरसा), 09.30 बजे – शाहपुर बेगू, 10.00 बजे – बाजेकां, 10.15 बजे – सरदार दलजीत सिंह रियाड के निवास स्थान बाजेकां में, 10.30 बजे – फुलकां, 11.00 बजे – कंवरपुरा, 11.30 बजे – कसुंभी, 12.00 बजे – जोधकां, 12.30 बजे – मोचीवाला, 01.00 बजे - डिंग मंडी, 01.30 बजे – कुक्कड़ थाना, 02.00 बजे - शेरपुरा, 02.30 बजे - गदली, 03.00 बजे – नारायण खेड़ा, 03.30 बजे – नहराणा, 03.45 बजे – माखोसरानी, 04.15 बजे – कैरावाली, 04.45 बजे - साहुवाला द्वितीय, 05.15 बजे – ताजियाखेड़ा, 05.45 बजे – चाड़ीवाल, 06.15 बजे – अलीमोहम्मद, 06.30 बजे - नेजिया खेड़ा, 07.00 बजे – बेगूं रोड़, नजदीक रिद्धि सिद्धि होटल, 07.30 बजे - कीर्ति नगर, कंगनपुर रोड़ और 08.00 बजे – सुभाष चौक में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील करेंगी।

# चुनाव का पर्व : गुरुग्राम में 100 स्थानों पर तैयार की जाएंगी वॉल ऑफ डेमोक्रेसी



समाचार गेट ब्यूरो

**गुरुग्राम।** लोकसभा आम चुनाव 2024 के छठे चरण के लिए 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में जिला प्रशासन, गुरुग्राम द्वारा व्यापक प्रयास किए गए है। इसी कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव की पहल पर गुरुग्राम जिला में 100 प्रमुख स्थानों पर वॉल ऑफ डेमोक्रेसी तैयार की जाएगी। इन वॉल ऑफ डेमोक्रेसी पर मतदाता अपने हस्ताक्षर कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ाव महसूस करेंगे। इसके साथ ही 10 स्थानों पर ईवीएम, वीवीपैट और कंट्रोल यूनिट की करीब 8 फीट बड़ी डमी भी लगाई जाएंगी।

स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुग्राम जिला के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों नामत: पटौदी, सोहना, बादशाहपुर व गुड़गांव के प्रमुख स्थानों का चयन कर लिया गया। जहां पर वॉल ऑफ डेमोक्रेसी तथा ईवीएम की डमी लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने लघु सचिवालय परिसर स्थित विकास सदन में बनाए गए वोटर्स पार्क में वॉल ऑफ डेमोक्रेसी का शुभारंभ किया था। वहीं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने भी लघु सचिवालय के मुख्य भवन के समीप स्वयं हस्ताक्षर कर वॉल ऑफ डेमोक्रेसी की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम जिला में मतदाता जागरूकता के लिए कॉलेज व यूनिवसटीज में भी ब्रांड एंबेसडर मनोनीत किए है। देसी रॉकस्टार एमडी, सिंगर नवीन पूनिया, सीनियर सिटीजन सुभाष चंद, ट्री मैन दीपक गौड़, भजन गायिका मुस्कान आनंद को भी ब्रांड एंबेसडर बनाया गया है। सार्वजनिक स्थलों पर वॉल ऑफ डेमोक्रेसी पर हस्ताक्षर व ईवीएम की डमी को देखकर जिला के मतदाता मतदान के लिए प्रेरित होंगे।

गुरुग्राम जिला में सोशल मीडिया के माध्यम से भी लगातार मतदाता जागरूकता के प्रयास जारी है। गुरुग्राम में 10 मल्टीप्लेक्स चेन भी 90 स्क्रीन के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश प्रसारित कर रही है।

# भारतीय महिलाओं ने कनाडा को 4–1 से हराया



समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अश्मिता चालिहा ने अपने से ऊंची रैंकिंग की खिलाड़ी मिशेल लि को हराकर उलटफेर किया जिससे भारतीय महिला टीम ने शनिवार को उबेर कप टूर्नामेंट में कनाडा पर 4-1 से जीत से सकारात्मक शुरुआत की। रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज चालिहा ने मानसिक मजबूती और जज्बे का शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की 25वें नंबर की खिलाड़ी लि को शुरुआती एकल मुकाबले में 42 मिनट में 26-24, 24-22 से मात दी।

2014 और 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक विजेता हैं। फरवरी में पहली बार एशिया टीम चैंपियनशिप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही चालिहा ने पीवी सिंधु सहित शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी अच्छी तरह निभायी। पिछले दिसंबर में सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली प्रिया कोन्जेंगबाम और श्रुति मिश्रा की युवा महिला युगल जोड़ी ने कैथरीन चोई और जेसलिन चाउ को 21–12, 21–10 से हराकर भारत को 2–0 से आगे कर दिया।

इशारानी बरुआ ने वेन यू झांग को 21–13, 21–12 से हराकर भारत को 3–0 की अजेय बढ़त दिलाने में मदद की। दूसरे महिला युगल में सिमरन सिंघी और रितिका ठाकर को कनाडा की जैकी डेंट और क्रिस्टल से 19–21, 15–21 से हार का सामना करना पड़ा। इससे बाद राष्ट्रीय चैंपियन अनमोल खरब ने पांचवें और अंतिम मैच में एलियाना झांग को 21–15, 21–11 से हराकर आसान जीत हासिल की।

युवा भारतीय टीम को आगे बड़े मुकाबले खेलने हैं जिसमें उसे ग्रुप ए में रविवार को सिंगापुर और मंगलवार को चीन से भिड़ना है। थॉमस कप में भारत अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत थाईलैंड के खिलाफ करेगा।

# हार्दिक पंड्या पर बुरी तरह भड़के इरफान पठान



समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा कि भारतीय क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में हार्दिक पंड्या को इतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए क्योंकि वह आईसीसी टूर्नामेंट में प्रभावित करने में विफल रहे हैं। मुंबई इंडियंस का यह ऑलराउंडर इस आईपीएल सत्र में खराब फॉर्म से जूझ रहा है, जिससे उनके भारत की टी-20 विश्व कप टीम में शामिल होने पर सवाल उठ रहे हैं। टीम की घोषणा जल्द ही की जानी है।

पठान ने स्टार स्पोर्ट्स पर 'प्रेस रूम शो, टिकट टू वर्ल्ड कप' में कहा, हार्दिक पंड्या के बारे में कहूं तो भारतीय क्रिकेट को यह स्पष्ट करने की जरूरत है कि उन्हें उतनी प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए जितनी उन्होंने अब तक दी है। क्योंकि हमने अभी तक (उनकी मौजूदगी में) विश्व कप नहीं जीता है। अगर आपको लगता है कि आप एक मुख्य ऑलराउंडर हैं तो आपको अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस तरह का प्रदर्शन करना होगा। जहां तक ऑलराउंडर का सवाल है तो उसने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस तरह से प्रभावित नहीं किया है। हम सिर्फ उसकी क्षमता के बारे में सोच रहे हैं।'

उन्होंने कहा, 'भारतीय क्रिकेट को ऐसा करना बंद करना होगा। किसी एक खिलाड़ी को तवज्जो देना बंद करें क्योंकि अगर आप ऐसा करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत सकते। ऑस्ट्रेलिया इतने वर्षों से 'टीम गेम' को प्राथमिकता दे रहा है। हर किसी को सुपरस्टार बना रहा हैं, उनकी टीम में कोई एक सुपरस्टार नहीं, टीम में हर कोई सुपरस्टार है। यदि आप ऐसा नहीं करोगे तो आप बड़े टूर्नामेंट नहीं जीत पाओगे।

# पहाड़ों के बीच खेत में सांपों ने क्यों मचा रखा है दंगल?



समाचार गेट ब्यूरो

**अल्मोड़ा।** इनसान अपने आशियाने के लिए पहाड़ और जंगल को काटता जा रहा है। इससे वहां रहने वाले जीव-जंतुओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। यही कारण है कि जंगली जानवर आबादी की ओर रुख कर रहे हैं। जब जंगल ही कम हो रहे हैं तो वहां रहने वाले जीव-जंतु कहां जाएंगे। इस बीच, उत्तराखंड के अल्मोड़ा में दो सांपों का वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों सांप आपस में काफी देर तक अठखेलियां करते रहे। दो सांपों की अठखेलियों का ऐसा वीडियो शायद ही आपने पहले देखा होगा। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले के डढूली गांव में शनिवार दोपहर खेत में दो सांप आपस में खेलते हुए नजर आए। इस दृश्य को देखकर गांव वाले भी दंग रह गए। सांपों को गांव वालों ने हटाने की कोशिश की, लेकिन वह खेत में ही डटे रहे। काफी देर तक अठखेलियां करने के बाद अपने आप दोनों सांप वहां से चले गए।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया के चुनावी कैंपेन वाले गाने पर थिरके बाराती



समाचार गेट ब्यूरो

**शिवपुरी।** एमपी में लोकसभा चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक दलों और नेताओं का प्रचार प्रसार जोरों पर है। साथ ही शादियों का दौर भी जमकर चल रहा है। सियासी दल अपने-अपने क्षेत्र मे पार्टी के समर्थन में चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। ऐसे में विवाह की लगन कार्यक्रमों में और शादियों में भी बड़ी संख्या में राजनीतिक लोग सक्रिय हैं। मध्यप्रदेश की गुना लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का चुनावी गाना खूब चर्चा का विषय बना हुआ है।

विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव सभी में देखने को आता है कि नेता अपने और अपनी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए चुनावी कैंपेन का गाना तैयार करवाते हैं। प्रचार वाहनों में उसे जमकर बजाया जाता है। ताकि उनका संदेश लोगों तक पहुंच सके।

बारात में झूमे दूल्हे और बाराती

चुनावी प्रचार प्रसार वाले गाने पर झूमते नाचते हुए लोगों का एक वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें बारातियों का एक ग्रुप खूब ठुमके लगाते हुए नजर आ रहे हैं। यह वीडियो अशोकनगर का बताया जा रहा है जहां जिला शिवपुरी के लुकवासा से बारात अशोकनगर के कुंदौरा ग्राम आई थी। जहां शादी के कार्यक्रम में राजनीति का तड़का लग गया और बाराती जम कर नाच उठे। चुनावी माहौल होने की वजह से डीजे पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया के चुनाव कैंपेन का गाना बजा दिया। जिस पर बारातियों के साथ-साथ दूल्हा भी नाचने लगा। इस दौरान हाथों में तलवार लिए दूल्हे ने खूब धूम मचाई। बारातियों ने दूल्हे पर नोटों की बारिश कर दी।

# कैंसर पीड़ित पटना जू के शेर को मिला जीवनदान



समाचार गेट ब्यूरो

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना से पशु प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक पटना जू में मौजूद शेर सम्राट का सफल ऑपरेशन हो गया है। शेर लंबे समय से कैंसर जैसी बीमारी से पीड़ित था। वो कुछ खा पी नहीं रहा था। बाद में उसका पता चलने के बाद विशेषज्ञ डॉक्टरों ने सफल ऑपरेशन किया। सम्राट नामक शेर को मस्से के कारण काफी तकलीफ हो रही थी। गौरतलब है कि उसकी बाईं आंख के नीचे मस्से के कारण वह कुछ भी खा या पी नहीं पा रहा था। उसकी हालत बिगड़ने पर जैविक उद्यान के कर्मचारियों ने सम्राट की जांच कराई और उसका सैंपल जांच के लिए हैदराबाद भेजा, जिसमें कैंसर की पुष्टि हुई।

**ऑपरेशन सफल रहा**

बढ़ती परेशानियों के बाद शेर सम्राट का टेस्ट सैंपल हैदराबाद भेजा गया। रिपोर्ट मिलने के पंद्रह दिन बाद शेर की एक सर्जरी की गई। जिसमें कैंसर वाले हिस्से को निकाल दिया गया। इसके लिए हैदराबाद और मुंबई से विशेषज्ञ डॉक्टर भी बुलाए गए। कैंसर के दर्द से राहत दिलाने के लिए सात डॉक्टरों की टीम ने पांच घंटे तक उसका ऑपरेशन किया। इस ऑपरेशन के दौरान शेर की बाईं आंख के नीचे निकला मस्सा निकाला गया। सर्जरी के बाद शेर को 12 टांके लगे, ठीक होने में करीब 40 दिन लगे। इस दौरान डॉक्टरों ने 20 दिनों तक तीन शिफ्ट में काम कर शेर सम्राट की देखभाल की। बताया जा रहा है कि शेर की सर्जरी पटना जू के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

**पहली बार ऐसा ऑपरेशन**

पटना जू में 50 साल में पहली बार शेर की सर्जरी की गई। करीब 45 दिनों के बाद सम्राट को उसके बाड़े में वापस भेज दिया गया है। जू के निदेशक सत्यजीत कुमार ने मीडिया को बताया कि शेर का समय पर इलाज किया गया। सर्जरी के बाद उसकी स्थिति की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

उन्होंने ये भी कहा कि राजधानी पटना के जू में कई जानवरों का बहुत दिनों से बसेरा है। यहां पर सभी के लिए गर्मी में कूलर और पंखे के अलावा बाकी सुविधा दी जाती है। बेहतरीन इलाज का प्रबंध किया जाता है। पशु अस्पताल में सभी सुविधाएं मौजूद हैं।

# प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाए बिना फरीदाबाद नगर निगम में नहीं करवा सकेंगे कोई काम



समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** आपने प्रॉपर्टी आईडी की गलतियां दुरुस्त नहीं करवाई हैं दिक्कत हो सकती है। नए नियम के अनुसार, नगर निगम की ओर से लोगों को दी जाने वालीं सुविधाएं तभी मिलेंगी, जब वह सेल्फ सर्टिफिकेशन यानी प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवा लेंगे। ऐसा न करने पर जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र बनवाने से लेकर नक्शा पास कराने और पानी का बिल जमा होने जैसे काम नहीं हो सकेंगे। वहीं, ठेकेदार को पेमेंट रिलीज करानी है तो उन्हें भी पहले प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाकर सत्यापित करना होगा। अब तक नगर निगम ने सात लाख प्रॉपर्टी में से एक लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी आईडी ही ठीक करने का काम पूरा किया है। इस बारे में कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास ने सभी ब्रांच के इंचार्ज को पत्र लिख दिया है।

**एक क्लिक पर मिल जाएगी सारी जानकारी**

नगर निगम ने टैक्स वसूली के अलावा, पानी-सीवर के बिल जमा कराने के लिए घरों को एक यूनिक आईडी के रूप में चिह्नित किया है। इस आईडी को सॉफ्टवेयर में डाला जाएगा तो मकान मालिक की पूरी जानकारी नगर निगम को पता चल जाएगी। इसके साथ ही मकान का साइज, कितना टैक्स बकाया है, मकान का फोटो आदि इस आईडी से नगर निगम को पता लगा सकता है। नगर निगम की तरफ से प्रॉपर्टी आईडी का सर्वे एक प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से कराया गया था। 2020 में कराए गए सर्वे के बाद कंपनी ने डेटा नगर निगम को सौंपा तो आधे से ज्यादा डेटा गलत पाया गया। जैसे किसी के प्रॉपर्टी का नाम गलत दिखा दिया तो कहीं प्लॉट का साइज गलत था।

अपनी आईडी ठीक कराने के लिए नगर निगम के चक्कर काटते रहे। भीड़ बढ़ती गई तो सरकार ने कैंप लगाए। इसके बावजूद लाखों प्रॉपर्टी आईडी अब तक ठीक नहीं हो सकी हैं।

# डी-वोटर का शोर, हर चुनाव में बड़ा मसला





समाचार गेट ब्यूरो

**गुवाहाटी।** असम में 96987 लोगों की पहचान और नागरिकता का मुद्दा हर चुनाव में उठता है। राजनीतिक दल बयानबाजी भी करते हैं लेकिन बड़ा मुद्दा बनने के बाद भी यह अब तक अनसुलझा है। ये 96987 ऐसे लोग हैं जो वोट नहीं दे सकते। इनका नाम वोटर लिस्ट में मौजूद है लेकिन इनके नाम के आगे डी लिखा हुआ है, डी यानी डाउटफुल।

पूरे देश में सिर्फ असम ही ऐसा राज्य है, जहां वोटर लिस्ट में नाम होने के बावजूद हजारों वोटर्स के नाम के आगे डी जोड़ा गया है, यानी वे डाउटफुल हैं, उनकी नागरिकता डाउटफुल है। लोकसभा चुनाव के प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा कई बार कह चुके हैं कि चुनाव के छह महीने बाद इस मसले को सुलझा लिया जाएगा। असम के सीनियर जर्नलिस्ट ध्रुबज्योति चक्रवर्ती कहते हैं कि डी वोटर्स असम का एक बड़ा मुद्दा है। हर चुनाव में इस पर खूब चर्चा भी होती है लेकिन चुनाव नतीजों पर इसका फर्क नहीं पड़ता।

**गुवाहाटी, बारपेटा, धुबरी और कोकराझार में चुनाव बाकी**

असम में लोकसभा की 14 सीटें हैं। इनमें से 10 सीटों पर पहले और दूसरे चरण में वोटिंग हो चुकी है। अब गुवाहाटी, बारपेटा, धुबरी और कोकराझार, इन चार सीटों पर 7 मई को मतदान होना है। दूसरे चरण में यानी 26 अप्रैल को जिन सीटों पर वोटिंग हुई उनमें भी कई ऐसे लोग हैं जो डी वोटर्स हैं। सभी पार्टी के उम्मीदवारों ने इनकी दिक्कतों पर बात भी की लेकिन वह बात तक ही सीमित है। सालों पहले पड़ोसी देश बांग्लादेश से बड़ी संख्या में लोग विस्थापित होकर यहां आ गए थे। उन्हें लेकर यहां राजनीति होती रही है। कभी उनकी नागरिकता को लेकर तो कभी वोटिंग अधिकार को लेकर।

**असम में 96987 डी वोटर्स**

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने विधानसभा में बताया था कि असम में 96987 डी वोटर्स हैं। मुख्यमंत्री ने चुनाव प्रचार के दौरान घोषणा की है कि चुनाव के बाद इसे ठीक कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं आश्वासन दे सकता हूं कि 'डी' वोटर्स का मुद्दा और बंगाली हिंदुओं की नागरिकता से संबंधित अन्य समस्याओं को छह महीने के भीतर सुलझा लिया जायेगा।

# एंटी करप्शन के आंकड़ों में सामने आई सच्चाई



समाचार गेट ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वैसे तो हर विभाग में भ्रष्टाचार देखने को मिल जाएगा। मगर आंकड़ों की बात करें तो उसके हिसाब से सबसे भ्रष्ट जलबोर्ड विभाग है। ऐसा हम नहीं कह कर रहे हैं, बल्कि एंटी करप्शन के आंकड़े बता रहे हैं। दरअसल पिछले नौ साल में एंटी करप्शन ने अलग-अलग विभाग के 183 कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। इनमें से सबसे ज्यादा कर्मचारी जलबोर्ड से थे। जलबोर्ड में भ्रष्टाचार करते 35 को गिरफ्तार किया गया। इनमें 32 विभाग के कर्मचारी थे, जबकि तीन बिचौलिए (दलाल) थे। 25 गिरफ्तारियों के साथ परिवहन विभाग दूसरे नंबर पर रहा। इनमें 7 कर्मचारी और 18 बिचौलिए थे। जबकि 23 गिरफ्तारी के साथ राजस्व विभाग तीसरे नंबर पर है। इनमें 20 कर्मचारी और 3 बिचौलिए थे। इनके अलावा अलग-अलग विभागों से भी कई कर्मचारी व बिचौलिए पकड़े गए। 183 आरोपियों में अब तक 51 पर रिश्वत लेने का आरोप साबित हुआ और उन्हें सजा मिली, जबकि 36 पर आरोप साबित नहीं हुआ और वो बरी हो गए। बाकी मामले अभी विचाराधीन हैं। ये तमाम आंकड़े 1 जनवरी 2015 से 9 मार्च 2024 तक के हैं। दिल्ली एंटी करप्शन डिपार्टमेंट ने ये आंकड़े आरटीआई एक्टिविस्ट जीशान हैदर की ओर से लगाई गई आरटीआई के जवाब में दिए हैं। हैदर ने आरटीआई लगाकर उनसे पूछा था कि 1 जनवरी 2015 से 9 मार्च 2024 तक उनके विभाग ने किस-किस विभाग के कितने कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। इनमें से कितनों को सजा मिली, कितने बरी हुए। एंटी करप्शन डिपार्टमेंट में कितने पदों को मंजूरी है, कितने पदों पर तैनाती है, कितने पत खाली हैं और कितने पद अधिक हैं। ऐसी कई जानकारियां मांगी थीं।

## कोटा से यूपी की नीट कोचिंग छात्रा लापता



समाचार गेट ब्यूरो

**कोटा।** राजस्थान के कोटा शहर से एक बार फिर चिंता वाली खबर है। यहां रहकर नीट एग्जाम की तैयारी कर रही कोचिंग छात्रा लापता हो गई, वह सप्ताहभर से गायब है। छात्रा कहा गई, किसी को कुछ पता नहीं। कोटा शहर के अनंतपुरा थाने में छात्रा की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई। इस तरह का मामला सामने के बाद कोटा पुलिस हरकत में हैं। छात्रा की तलाश की जा रही है।

**23 अप्रैल को छात्रा की गुमशुदगी हुई दर्ज :** पता चला है कि 23 अप्रैल को छात्रा की गुमशुदगी दर्ज हुई। अनंतपुरा थानाधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने मीडिया को इतनी जानकारी दी कि लापता छात्रा उत्तर प्रदेश के कौशांबी नगर की रहने वाली है। कोटा में रहकर नीट एग्जाम की तैयारी कर रही थी। लापता कोचिंग छात्रा कोटा शहर के गोबरिया बावडी इलाके में संचालित पीजी में रहती ही, जो फिलहाल लापता है।

**पुलिस ने तलाश की शुरू :** 21 अप्रैल को उसका टेस्ट था। सुबह टेस्ट देने के लिए गई थी, मगर उसके बाद वापस पीजी नहीं आई। उसके घर वालों ने उसे कई बार कॉल किया। लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। वह घर नहीं पहुंची, तो पीजी मकान मालिक ने भी कोचिंग संस्थान में जानकारी दी। इसके बाद उसकी तलाश की गई। आज तक छात्रा के बारे में कुछ पता नहीं चला। छात्रा की उम्र करीब 20 साल बताई जा रही है। कोटा शहर की पुलिस इस केस में तकनीकी अनुसंधान भी कर रही हैं।



# 'भरोसा करने वालों को धोखा ना दें...', धर्मेंद्र

धर्मेंद्र अपनी निजी जिंदगी के कारण अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने 1954 में प्रकाश कौर से शादी की थी और उनसे 4 बच्चे हुए थे। लेकिन 1980 में इन्होंने हेमा मालिनी से धर्म बदलकर निकाह किया और उनसे इन्हें दो बेटियां हुईं।

समाचार गेट/ब्यूरो

हिंदी फिल्मों के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहते हैं। सनी देओल ने इंटरव्यूज में बताया भी है कि उनके पापा को फैन्स के साथ कनेक्टेड रहना पसंद है। इसलिए वह सोशल मीडिया पर उनके साथ जुड़े रहते हैं और तमाम पोस्ट्स करते हैं।

हालांकि कई बार ऐसा भी होता है, जब एक्टर लोगों को सोचने पर मजबूर कर देते हैं कि वह किस बात की तरफ इशारा कर रहे हैं।

जैसा इसा बार किया। उन्होंने ट्विटर पर अपनी एक फोटो के साथ कुछ ऐसा कैप्शन लिखा कि फैन्स पढ़ने के बाद परेशान हो गए।

धर्मेंद्र ने एक्स हैंडल, जो पहले ट्विटर था। उस पर क्रिप्टिक पोस्ट किया है। उन्होंने अपनी एक पुरानी तस्वीर शेयर कर लिखा, 'कृपया उस इंसान को कभी धोखा ना देना, जो आप पर आंख बंदकर भरोसा करता है।' अब ये पोस्ट देखते ही देखते चारों तरफ फैल गया। लोगों को चिंता हो गई कि आखिर क्या हुआ कि एक्टर को ऐसा लिखना पड़ा। कुछ ने तो उनसे सहमति जताई और कुछ ने उनका हालचाल पूछा।

धर्मेंद्र के पोस्ट पर एक यूजर ने लिखा, 'बिलकुल सही बात है।' एक ने कहा, 'सही कहा सर आपने लेकिन किसी को धोखा क्यों देना?' एक यूजर ने लिखा, 'आप एकदम सही हैं पाजी। लव यू।'

लेकिन एक यूजर ने उनकी निजी जिंदगी के बारे में टिप्पणी की। लिखा, 'फिर आपने अपनी पहली पत्नी को धोखा क्यों दिया धरम पाजी... कभी–कभी जिंदगी आपको बिना ये सोचे कि आप धोखा दे रहे हैं, बहकने पर मजबूर कर देती है।'

धर्मेंद्र अपनी निजी जिंदगी के कारण अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने 1954 में प्रकाश कौर से शादी की थी और उनसे 4 बच्चे हुए थे। लेकिन 1980 में इन्होंने हेमा मालिनी से धर्म बदलकर निकाह किया और उनसे इन्हें दो बेटियां हुईं। जिसमें से ईशा देओल का हाल ही में तलाक हुआ है।

उनके पति पर धोखा देने का आरोप लगा है। एक्टर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। अब वह 'इक्कीस' में दिखाई देंगे, जिसमें अगस्त्य नंदा होंगे।

हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं



# 17 करोड़ के कर्ज में डूबी हैं कंगना रनौत, 10 साल में 12 फिल्में हुईं फ्लॉप

समाचार गेट/ब्यूरो

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत लोकसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं। हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से वह भाजपा के टिकट पर खड़ी हैं। लगातार चुनाव प्रचार कर रही हैं। लंबे–लंबे भाषण दे रही हैं और विपक्ष पर तीखे प्रहार करके अपनी पीठ थपथपा रही हैं। 14 मई को उन्होंने नाम. ांकन दाखिल किया। इसके बाद चुनाव आयोग को दिए गए हलफनामे में उनकी नेट वर्थ सामने आई।

कंगना रनौत 12वीं पास हैं और उनकी कुल संपत्ति 91 करोड़ बताई गई है। जिसमें 28.7 करोड़ रुपये चल संपत्ति है और 62.9 करोड़ रुपये अचल संपत्ति है। वह फिल्मों से 10–1 5 करोड़ रुपये चार्ज करती हैं तो विज्ञापन से वह 3 से 3.5 करोड़ रुपये कमाती हैं। अब तो वह फिल्में भी बनाने लगी हैं।

# शिवाजी को स्क्रीन पर देख पूजती थीं महिलाएं

समाचार गेट/ब्यूरो

तमिल एक्टर शिवाजी गणेशन के बारे में आज बात करने जा रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में 250 से ज्यादा फिल्मों में लीड रोल निभाया था और 300 से ज्यादा मूवीज में अभिनय किया था। एक्टर ने अपने नाम कई रिकॉर्ड बनाए हैं। उनके ना सिर्फ जनता दीवानी थी। बल्कि रजनी. कांत, कमल हासन और अमिताभ बच्चन जैसे दिग्गज कलाकार भी मुरीद थे।

साउथ इंडस्ट्री की फिल्में हों या फिर एक्टर्स, सभी कमाल के होते हैं। सबके पीछे कोई न कोई किस्सा जरूर छिपा होता है। आज हम ऐसे ही एक कलाकार की बात करने जा रहे हैं जिन्होंने अद्भुत रिकॉर्ड अपने नाम किया हुआ है। तमिल फिल्मों के एक्टर शिवाजी गणेशन, पहले भारतीय अभिनेता हैं, जिन्होंने 1960 में मिस्र में हुए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल एफ्रो एशियन फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड जीता था। और अपनी इंडस्ट्री के इकलौते कलाकार हैं, जिन्होंने 250 से ज्यादा फिल्मों लीड रोल निभाया है। इतना ही नहीं, महिलाएं इन्हें स्क्रीन पर देखकर इनकी पूजा करती थीं। और एक्टर ने अपनी 100वीं फिल्म के अंदर 9 रोल किए थे। शिवाज गणेशन को फिल्मों का वैज्ञानिक कहा जाता था। क्योंकि ये अक्सर पर्दे पर एक्सपेरेमिंट करते नजर आते थे। कभी ये भोले बाबा बन जाते थे तो कभी नारद और कभी भगत सिंह। मतलब आम इंसान से लेकर भगवान तक के रूप में ये स्क्रीन पर नजर आ चुके हैं।



ये इतनी कम उम्र में लंबे–लंबे डायलॉग्स याद कर लेते थे। इस कारण इन्हें नाटक में पहले छोटे और बाद में बड़े रोल्स मिलने लगे थे। एक बार ये स्टेज पर परफॉर्म कर रहे थे। महिला का किरदार निभा रहे थे।

# न्यूयॉर्क में रहते हैं दुनिया के सबसे ज्यादा रईस

समाचार गेट/एजेंसी

नई दिल्ली। क्या आप जानते हैं कि दुनिया में सबसे ज्यादा रईस किस शहर में हैं? इसका जवाब है न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क में 349,500 मिलिनेयर रहते हैं। मिलिनेयर का मतलब ऐसे लोगों से है जिनके पास एक मिलियन डॉलर यानी 8,34,88,650 रुपये से ज्यादा पैसा है। न्यूयॉर्क में 2013 से 2023 के दौरान मिलिनेयर की संख्या में 48 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। सबसे ज्यादा मिलिनेयर लोगों की लिस्ट में पहले दो नंबर पर अमेरिकी शहरों का नाम है। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर द बे एरिया है जहां 306,700 मिलिनेयर रहते हैं। पिछले दस साल में यहां मिलिनेयर्स की संख्या में 82 फीसदी तेजी आई है। कैलिफोर्निया में सैन फ्रांसिस्को खाड़ी के आसपास के एरिया को (दि बे एरिया) कहा जाता है। फाइनेंशियल मार्केट्स और रियल एस्टेट कीमतों में तेजी से इन शहरों में मिलिनेयर्स की संख्या तेजी से बढ़ी है।



जापानी की राजधानी टोक्यो में 298,300 मिलिनेयर रहते हैं। पिछले दस साल में इस शहर मे मिलिनेयर्स की संख्या में पांच फीसदी गिरावट आई है। इस लिस्ट में चौ. थे नंबर पर सिंगापुर है जहां 244,800 मिलिनेयर रहते हैं। पिछले 10 साल में इस शहर में मिलिनेयर्स की संख्या में 64 फीसदी तेजी आई है। लंदन में इस दौरान मिलिनेयर्स की संख्या में 10 फीसदी गिरावट आई है। शहर में अब 227,000 ऐसे लोग रह गए हैं जिनकी नेटवर्थ 10 लाख डॉलर से अधिक है। इस लिस्ट में अगला नंबर अमेरिका के लॉस एंजि. लिस का है। हॉलीवुड के लिए मशहूर इस शहर में 212,100 मिलिनेयर्स रहते हैं।

# क्या धरती पर आ रही आफत?

## सूर्य में फिर हुआ 20 साल का सबसे भयानक 'धमाका'

समाचार गेट/एजेंसी

हाल के दिनों में सूर्य से निकला एक तूफान पृथ्वी से टकराया था। यह दो दशक में धरती से टकराने वाला सबसे भयानक था, जिससे दुनिया के कई हिस्सों में आसमान लाल हो गया था।

मंगलवार को एक बार फिर सूर्य से एक भयानक रोशनी निकली है। अरबों परमाणु बमों के बराबर की ऊर्जा इससे निकली है। दो दशकों में यह सबसे बड़ी चमक है।

सूर्य का एक चक्र 11 वर्षों का होता है। वर्तमान चक्र अपने चरम पर है, जिस कारण इसमें गतिविधि तेज हो गई है। मंगलवार को निकली चमक इन 11 वर्षों में सबसे ज्यादा है। हालांकि इस बार पृथ्वी को खतरा नहीं है।



नासा वैज्ञानिकों का कहना है कि इस बार सूर्य से निकले तूफान के पृथ्वी से टकराने का खतरा नहीं है। क्योंकि इस बार ज्वाला सूर्य के एक ऐसे हिस्से से निकली है, जो पृथ्वी की दिशा में नहीं है।

नासा की सोलर डायनेमिक्स ऑब्जर्वेटरी ने एक्स–रे चमक को कैद किया। 2005 के बाद से यह सबसे मजबूत थी, जिसे इन फ्लेयर्स के पैमाने पर एक्स 8.7 के रूप में रेट किया गया था।

नासा के मुताबिक सौर ज्वालाएं सूर्य से निकले रेडिएशन का शक्तिशाली विस्फोट हैं।

ज्वाला से निकलने वाला रेडिएशन धरती पर वायुमंडल के कारण मनुष्यों को प्रभावित नहीं कर सकता।




...लय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर ...र्णी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# गंभीरा पब्लिक स्कूल द्वारा सीबीएसई परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया





समाचार गेट/ब्यूरो
बल्लभगढ़। शाहुपुरा गांव में स्थित गंभीरा पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के परिणाम उपरांत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल कुलदीप एंव अध्यापक उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं उन्हें प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

# भिवानी–महेंद्रगढ़ लोकसभा से क्या जीत की हैट्रिक बना पाएंगे सांसद धर्मबीर सिंह

समाचार गेट/सोनिका सूरा
सिवानी मंडी। देश में लोकसभा चुनाव के बिगुल में ज्यों ज्यों चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है तो लोगों में चुनावी माहौल गर्मा रहा है। भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा हॉट सीट बनी हुई है अबकी बार भाजपा उम्मीदवार सांसद धर्मबीर सिंह और इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार राव दान सिंह के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है। बता दे कि सांसद धर्मबीर सिंह ने लोकसभा चुनाव 2014 में जीते और इनेलो के राव बहादुर सिंह दूसरे स्थान पर रहे थे और 2019 में धर्मबीर सिंह पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल





की पोती श्रुति चौधरी को हराकर यहां से जीत दर्ज कर दिल्ली पहुंचे थे। अब दोबारा से भाजपा ने विश्वास जताते हुए धर्मबीर सिंह को मैदान में उतारा है। कांग्रेस पार्टी ने अहिरवाल क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के विधायक राव दान को टिकट देकर मुकाबले को रोचक बना दिया है। बता दें कि जहां धर्मबीर सिंह पिछले चुनाव में लगभग 4 लाख वोटो की जीत दर्ज की थी अब की बार आंकड़ा बड़ा ही रोचक दिखाई दे रहा है। लोकसभा चुनाव 2019 में जहां मोदी फैक्टर पर धर्मबीर सिंह दिल्ली पहुंच गए थे अब की बार उनको जोर अजमाईस करनी पड़ रही है।

बता दें कि सांसद धर्मबीर सिंह ने समय समय पर अपने लोकसभा की अनेक मांग को लोकसभा में उठाया है। लेकिन अब बदलते माहौल को देखते हुए जहां एक तरफ धर्मबीर सिंह दोबारा से मैदान में हैं।तो दूसरी तरफ कांग्रेस की पूर्व सांसद श्रुति चौधरी की टिकट काटकर अहीरवाल ईलाके से महेंद्रगढ़ के विधायक रावदान सिंह को उम्मीदवार बनाकर मुकाबला कड़ा बना दिया है। अब देखना यह होगा कि भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र की जनता धर्मबीर सिंह को जीत की हैट्रिक लगाती है या राव दान सिंह को जीता कर लोकसभा पहुंचाती है। बता दे कि भिवानी ,महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र में भिवानी , महेंद्रगढ़ ,चरखी दादरी, लोहारु ,तोशाम, बाढ़डा हल्के में चुनावी माहौल गरम है और सभी प्रत्याशी अपनी–अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। एक तरफ जहां प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी चुनावी रैली कर चुके हैं वही दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी की तरफ से बड़ी रेली इलाके में संभावित है।

# उपायुक्त विक्रम सिंह ने डमी ईवीएम के लोकार्पण के साथ हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ





समाचार गेट/ब्यूरो
फरीदाबाद। मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय में डमी इवीएम का लोकार्पण करते हुए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उनके आह्वान पर लोगों ने बढ़–चढ़कर हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए लोकसभा चुनाव–2024 में मतदान करने की शपथ ली।

लघु सचिवालय में दूर से ही नजर आने वाली बड़े आकार की डमी ईवीएम की स्थापना की गई, जिसमें वीवीपैट सहित कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट शामिल रही। साथ ही ईवीएम का बटन दबाने का इशारा करता बड़े आकार का हाथ भी शामिल रहा। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत यह आयोजन किया गया है, ताकि मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि बहुत से युवा मतदाता ऐसे हो सकते हैं जिन्होंने पहले ईवीएम नहीं देखी होगी। ऐसे युवा मतदाताओं के लिए डमी इवीएम बेहद लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे उन्हें वोट डालने की जानकारी व प्रशिक्षण मिलेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि 25 मई को हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि वे इस मौके पर अपने घरों में न बैठे रहें, अपितु घरों से निकलकर मतदान केंद्रों में जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। उन्होंने बताया कि इस बार चुनाव आयोग ने 85 प्लस आयु तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा दी है, जिसके तहत फरीदाबाद में 16 व 18 मई को वोट डलवाये जायेंगे। इसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदान दिवस के मौके पर गर्मी की अधिकता रहने की संभावना है, जिसके दृष्टिगत हीट वेव से बचाव के लिए भी मतदान केंद्रों पर प्रबंध किये गये हैं। उन्होंने मतदाताओं का भी आह्वान किया कि वे सुबह जल्दी आकर वोट डाल सकते हैं। क्यू मैनेजमेंट ऐप भी लॉन्च किया गया है, जिसकी सहायता से मतदान केंद्रों पर लगी मतदाताओं की लाइन की जानकारी घर बैठे प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अच्छे प्रयास किये गये हैं। इस बार करीब 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इस मौके पर स्वीप गतिविधियों के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डा. आनंद शर्मा ने भी मतदाताओं का आह्वान किया कि वे मतदान अवश्य करें। पांच वर्ष में एक बार यह अवसर मिलता है जिसे चूकना नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई हैं। इस अवसर पर फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त किये गये ब्रांड एंबेसडर लोकेश राजपूत तथा डॉ. एमपी सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति व अधिकारी मौजूद थे।

# स्वस्थ व्यक्ति को 6 महीने में रक्त दान करना चाहिए: डॉ अनुराधा

निकिता माघोगड़िया
रेवाड़ी। डॉ अनुराधा ने गांव डहीना में ब्लड डोनेशन कैंप का उद्घाटन करते हुए कहा की ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करना चाहिए जिससे कि जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके।

इस अवसर पर बिजेंद्र डहीना ने कहा कैंप में 55 यूनिट रक्तदान की गई। उन्होंने सभी रक्तदान करने वालों का धन्यवाद किया और कहा कि महादान होता है रक्तदान में युवाओं को विशेष तौर पर आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए, इससे आप स्वस्थ और निरोगी भी रहते हैं।

इस अवसर पर मास्टर रघुनाथ, आजाद, बिक्रम बोहरा, सतपाल, राकेश, दिनेश व सिविल अस्पताल की तरफ से मंजीत यादव नर्सिंग ऑफिसर, नरेश, विजेंद्र, संजय,गौरव, दिनेश मुख्य रूप से मौजूद रहे।



ब्लड कैंप का उद्घाटन करती डॉ अनुराधा

# समाजसेवा से जुडी महिलाओं को किया सम्मानित



समाजसेवा से जुडी महिलाओं को साड़ी व सूट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सांई राम आसरा ट्रस्ट की ओर से किया गया।

समाचार गेट/ब्यूरो
बल्लभगढ़। शहर की भाटिया कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में बुधवार को समाजसेवा से जुडी महिलाओं को साड़ी व सूट देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सांई राम आसरा ट्रस्ट की ओर से किया गया।

सम्मान समारोह में हरियाणा किसान संघर्ष समिति के चेयरमैन एडवोकेट बृजमोहन वशिष्ठ ने मुख्य अतिथि के तौर पर भाग लिया।

> समाजसेवा के कार्यों में सभी को बढ़ चढकर भाग लेना चाहिए। समाज सेवा ही सबसे बढ़कर कार्य है। जो व्यक्ति समाज सेवा के कार्यों में भाग लेता है वह अच्छे कर्मों का भागी होता है

उन्होंने कहा कि समाजसेवा के कार्यों में सभी को बढ़ चढकर भाग लेना चाहिए। समाज सेवा ही सबसे बढ़कर कार्य है। जो व्यक्ति समाज सेवा के कार्यों में भाग लेता है वह अच्छे कर्मों का भागी होता है। महिलाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से जुड़कर पूरा सहयोग दें। इस अवसर पर ट्रस्ट की अध्यक्ष एडवोकेट राखी चौहान, अनु सहरावत, हेमलता, सुमन, शारदा देवी, रूबी, राजकुमारी, सविता, शोभा यादव, संदीपनी माहेश्वरी, रितु चौहान, अर्चना चौहान, लोकेश चौहान, अनिता चौहान, गौरव व संजय चौहान ने भाग लिया।







